**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2024**

**(HINDI - 085)**

**Class: IX** | **Date:24/09/24**

**Time: 3 Hrs.** | **Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश** -

- **इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं।**
- **प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर केवल आवश्यक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

---

## खंड - क (अपठित बोध)

**01. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1+1+1+2+2**

ज़िंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं। बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वह भी उन्हीं के लिए है, जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं। जिनका कंठ सूखा हुआ, होंठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर हैं। पानी में जो अमृत तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में सूख चुका है। वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं। सुख देने वाली चीजें पहले भी थीं, अब भी हैं। फ़र्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मज़े बाद लेते हैं, उन्हें अधिक स्वाद मिलता है। जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। जो लोग पाँव भीगने के खौफ़ से पानी से बचते हैं, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं को है। जो समुद्र में कूदकर डुबकी लगाने के लिए तैयार हैं, वे मोती लेकर बाहर आएँगे। चाँदनी की ताज़गी और शीतलता का आनंद वही ले सकता है, जो दिन भर की मेहनत से चूर-चूर होता है।

**i) किसे जीवन का असली आनंद प्राप्त नहीं होता?**

क) मेहनत करने वाले को   ख) आराम की ज़िंदगी जीने वाले को

ग) चोरों को   घ) वीरों को

**ii) 'मोती लेकर बाहर आना' - इस कथन का तात्पर्य है-**

क) मोती हासिल करना   ख) सीप से मोती निकालना

ग) बड़ी सफलता हासिल करना   घ) कुछ न मिलना

**iii) कौन चाँदनी का सच्चा आनंद ले सकता है?**

क) परिश्रमी व्यक्ति   ख) आलसी व्यक्ति

ग) क्रूर व्यक्ति   घ) दयालु व्यक्ति

**वर्णनात्मक प्रश्नः-**

iv) जीवन का वास्तविक आनंद कब मिलता है?

v) इस गद्यांश का संदेश लगभग 20-25 शब्दों में लिखिए।

**02. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1+1+1+2+2**

अठारह साल के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंदा इन दिनों छाए हुए हैं। पाँच बार विश्व चैंपियन रहे मैग्नस कार्लसन के साथ शतरंज वर्ल्ड कप का अंतिम मुकाबला भले ही वे जीत नहीं पाए, पर कम उम्र में ही सफलता और उम्मीदों का भारी ताज वे पहन चुके हैं। उनकी सादगी, शालीनता सबसे पसंद की जा रही है। अच्छी बात है कि वे हार-जीत दोनों में सहज दिखते हैं। बीते साल एक ऑनलाइन शतरंज टूर्नमेंट में कार्लसन को हराने के बाद प्रज्ञानंदा ने कमाल की बात कही। उन्होंने कहा, “यह केवल एक जीत है, कोई अंतिम नहीं। आगे कई चुनौतियाँ हैं। बहुत कुछ करना है। यही हार के साथ होता है। किसी एक हार से सब खत्म नहीं होता।”

अब सवाल यह है, क्या अपनी सफलता की खुशी मनाना ग़लत है? माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स कहते हैं, “सफलता की खुशी मनाने में हर्ज नहीं है पर ज़्यादा ज़रूरी है कि हमें असफलताओं के कारणों पर भी ध्यान देना है।”

सफलता के साथ बहुत कुछ बदलता है। कभी हम खुद बदल जाते हैं तो कभी दूसरे। कितनी ही बार तो हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है। इस कारण कभी हम अतिआत्मविश्वास का शिकार होकर आगे के लिए मेहनत नहीं करते, कभी दूसरों का अपमान करते हुए उनके साथ हमारा रिश्ता बिगाड़ लेते हैं। ऐसे में हार-जीत दोनों अवसरों पर अपने आपको काबू में रखना आवश्यक है।

**i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके दिए हुए विकल्पों में कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन - सफलता के मद में हमें अपने आगे दिखना बंद हो जाता है।**

**कारण - हम अति आत्मविश्वास से भर जाते हैं।**

क) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

ख) कथन ग़लत है लेकिन कारण सही है।

ग) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**Ii) सफलता प्राप्ति के पश्चात किसे अपने नियंत्रण में रखना आवश्यक है?**

क) दूसरों के प्रति अपने व्यवहार को

ख) अहंकार और आक्रोश को

ग) आत्मविश्वास और जीत की खुशी को

घ) अपने प्रति दूसरों के व्यवहार को

**iii) बिलगेटस के अनुसार सफलता की खुशी मनाने से अधिक आवश्यक है-**

क) असफलता की चुनौतियों को स्वीकारना

ख) असफलताओं के कारणों पर ध्यान देना

ग) नए लक्ष्य के लिए संघर्ष करना

घ) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना

**वर्णनात्मक प्रश्नः-**

iv) प्रज्ञानंदा के जीवन से मिलनेवाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

v) लोग किस कारण से प्रज्ञानंदा को पसंद करते हैं?

## खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

03. (i) शब्द कब पद बनता है? 1

(ii) रेखांकित शब्द है या पद? 1

राहुल की **पुस्तक** गुम गई।

04. **किन्हीं दो** शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्दों को पुनः लिखिए:- 2X1=2

कगाल, उगलियाँ, अधेरा

05. (i) **किन्हीं दो** शब्दों से **उपसर्ग तथा मूलशब्द** अलग करके लिखिए:- 2X1=2

विख्यात, संभ्रांत, आशंका

(ii) निम्नलिखित शब्दों से **मूल शब्द और प्रत्यय** अलग करके लिखिए:- 2X1=2

कर्मठता, मार्मिक

06. **किन्हीं तीन** का संधि विच्छेद कीजिए:- 3X1=3

वधूत्सव, अत्याचार, सप्तर्षि, महोत्सव

07. **किन्हीं दो** वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिहन लगाकर वाक्यों को पुनः लिखिए:- 2X1=2

क) मैथिली शरण गुप्त ने साकेत की रचना की

ख) आज राहुल रवि मोहन में से कोई नहीं आया

ग) मेरे देश के युवको यह देश ही तुम्हारा सबकुछ है

08. निम्नलिखित में से **<u>किन्हीं तीन</u>** वाक्यों का अर्थ की दृष्टि से भेद लिखिएः- 3X1=3

क) आप कितने बजे तक हमारे घर आ सकते हैं?

ख) शायद इस मैच में भारत जीत जाए।

ग) भगवान तुम्हारे साथ रहें।

घ) यदि देश के युवकों के मन में देशसेवा का भाव हो तो देश की उन्नति अवश्य होगी।

## <u>खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)</u>

**09. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-**
**5X1=5**

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा कि सफलता बहुत नज़दीक है। 23 मई 1984 के दिन दोपहर के एक बजकर सात मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली मैं प्रथम भारतीय महिला थी।

एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हज़ारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले बर्फ़ के फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद मैं अपने घुटनों के बल बैठी, बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे' के ताज का चुंबन किया।

**i) बचेंद्री को कब सफलता हासिल हुई?**

क) 15 अगस्त 1947 को ख) 26 जनवरी 1950 को

ग) 23 मई 1984 को घ) 5 सितंबर 1981 को

**ii) एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने पर सबसे बड़ा सवाल किस बात का था?**

क) भोजन का ख) सुरक्षा का

ग) हिमपात का घ) खराब मौसम का

**iii) एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने पर बचेंद्री को कौन-सी कीर्ति प्राप्त हुई?**

क) एवरेस्ट पर पहुँचनेवाली पहली भारतीय महिला ख) साहसी और दृढ़निश्चयी

ग) निर्भीक एवं साहसी महिला घ) सफल पर्वतारोही

**iv) एवरेस्ट शंकु की चोटी पर पहुँचते ही पर्वतारोहियों ने क्या किया?**

क) घुटनों के बल बैठकर श्रद्धा प्रकट की ख) आराम किया

ग) चाय-पानी पिया घ) बरफ़ खोदकर अपने आपको स्थिर किया

**v) बचेंद्री ने 'सागर माथे' का चुंबन क्यों किया?**

क) वह एवरेस्ट से नफ़रत करती थी iod

ग) वह एवरेस्ट में बसना चाहती थी घ) दोस्तों का धन्यवाद देती थी

**10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उतर 25-30 शब्दों में लिखिएः- 3X2=6**

क) लेखिका को देखकर 'की' हक्का-बक्का क्यों रह गया?

ख) किसी अतिथि के अधिक दिन ठहरने से घरवालों को क्या-क्या परेशानियाँ होती हैं?

ग) समाज उसी का समर्थन करता है जिसके पास धन है। - 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

घ) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए?

**11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-**

**5X1=5**

ऐसी लाल तुझ बुनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसइआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुही ढरै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै।।
नामदेव कबीरू तिलोनु सधना सैनु तरै।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै।।

**i) इस पद में रैदास ने अपने प्रभु के किस गुण का वर्णन किया है?**

क) परोपकारी ख) समदर्शी भाव

ग) साहस घ) परम भक्ति

**ii) 'गरीब निवाजु' से क्या तात्पर्य है?**

क) अमीरों पर दया करनेवाला ख) गरीबों की निंदा करनेवाला

ग) दीन-दुखियों पर दया करनेवाला घ) धैर्य बढ़ानेवाला

**iii) 'मेरा माथै छत्रु धरै' - का अर्थ है......**

क) भगवान ने रैदास को सम्मान दिलाया ख) भगवान ने रैदास के सिर पर छत्री रखी

ग) भगवान ने उन्हें दंडित किया घ) भगवान ने रैदास पर दया की

**iv) रैदास ने अपने प्रभु को निडर क्यों कहा है?**

क) वे लड़ाई-झगड़े करते हैं ख) वे हर जगह घूमते हैं

ग) वे गरीबों पर दया करते हैं घ) वे अछूत पर भी दया करते हैं

**v) रैदास ने अपने प्रभु को 'लाल' क्यों कहा है?**

क) उनके प्रिय होने के कारण ख) सबके अप्रिय होने के कारण

ग) दयालु होने के कारण घ) शरीर का रंग लाल होने के कारण

**12. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिएः-** **3X2=6**

क) रहीम ने 'पानी' शब्द का प्रयोग किन अर्थों में किया है?

ख) जब शुक गाता है, शुकी के हृदय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ग) 'दोहा' छंद की क्या विशेषता है?

घ) रैदास ने अपने को धागा और अपने प्रभु को मोती क्यों कहा है?

**13. संचयन (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिएः-** **2X4=8**

क) लेखिका ने गिल्लू का उपचार कैसे किया?

ख) मूक प्राणी भी संवेदनशील होते हैं । 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ग) स्मृति पाठ के आधार पर लिखिए कि चिट्ठियों के संबंध में लेखक ने क्या निर्णय लिया और कुएँ से चिट्ठियाँ कैसे निकालीं?

## खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

**14. संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-** **1X5=5**

**क) श्रम ही सफलता की कुंजी है**

- श्रम की आवश्यकता
- प्रकृति का उदाहरण
- परिश्रम से लाभ

**ख) जीवन में खेल-कूद का महत्त्व**

- छात्रों में आलस्य
- खेल-कूद का महत्तव
- लाभ

**ग) सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा**

- भारत देश की महानता
- प्रकृति
- गौरवपूर्ण अतीत एवं वर्तमान में प्रगति

**15.** **<u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिएः-** **1X5=5**

क) अपने विद्यालय में मनाए गए शिक्षक दिवस का वर्णन करते हुए अपने मित्र को लिखिए।

(अथवा)

ख) बुरी संगति त्यागने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**16.** **<u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिएः-** **1X5=5**

क) खरीफ़ में भारत से सलालाह आए मोहन और भारत में रहनेवाले उसके मित्र श्रीनंदन के बीच होनेवाले टेलिफोन संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**(अथवा)**

ख) भाषण प्रतियोगिता की तैयारी में लगे राहुल और उसका मित्र रमेश के बीच होनेवाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**17.** **निम्नलिखित चित्र को देखकर अपने मन में उभरनेवाले विचारों को लगभग 100 शब्दों में लिखिएः-** **1X5=5**

